


## एक नजर में

### ध्वजारोहण कर, रोपा एक पेड़ मां के नाम

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 5 जुलाई को जिला सहकारी बैंक भरतपुरी में संयुक्त आयुक्त, सहकारिता संभाग उज्जैन एके सिंह एवं उपायुक्त सहकारिता के के पाटनकर द्वारा सहकारिता का सप्तरंगी ध्वज झंडावदन कर, सहकारी ध्वजारोहण गीत का वाचन कर एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत जिला सहकारी बैंक प्रांगण में पोधारोपण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता उज्जैन संभाग उज्जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाने का मुख्य कारण सहकारिता में आने वाली समस्याओं को तत्परता से दूर करने के प्रयास सतत् किये जाने चाहिये व साथ ही उपस्थित सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा प्रबंधकों को व सेवा सहकारी संस्थाओं के समिति प्रबंधको को अपने कार्य के प्रति ईमानदारी, निष्ठा व कर्तव्यों का समय पर कार्य करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उपायुक्त सहकारिता उज्जैन ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कहा कि सम्पूर्ण विश्व व सम्पूर्ण भारत देश में सहकारिता की अलख जगाने हेतु एवं सहकारिता के क्षेत्र में होने वाली कठिनाईयों को सरलता से दूर करने हेतु सभी मिलजुल कर कार्य करने के प्रयास करें, जिससे सहकारिता जन-जन तक पहुंच सकें। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अलग-अलग अधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये व साथ ही संस्थाओं में कार्य संबंधी कठिमाईयों को दूर करने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सहकारी निरिक्षक असोड़िया, संतोष सांकलिया, कमल कांगले जिला सहकारी बैंक उज्जैन के अंकुश शर्मा, मनोज शर्मा, अजीत उपाध्याय, कमल मथाने, अभिषेक जोशी, बामने, वैभव त्रिवेदी, लता मित्तल, वर्षा कपूर, जिला संघ उज्जैन से शिवकुमार गेहलोत, आदि उपस्थित रहें। सहकारिता विभाग के अंकेक्षण अधिकारी संजीव शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहकारिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अंत में जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने आभार माना।




### कैंसर उपचार में सटीकता को बढ़ाया

**उज्जैन।** रेडिक्सएक्ट को लाकर इस हॉस्पिटल ने कैंसर देखभाल में वैश्विक बेंचमार्क स्थापित किया है, मरीज़ों को मिलने वाले अनुभव को बेहतर बनाया है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिक्सएक्ट ट्रीटमेंट डिलीवरी सिस्टम के साथ अपनी रेडिएशन थेरपी को अपग्रेड करते हुए अपनी कैंसर उपचार क्षमताओं में लक्षणीय उन्नति हासिल की है। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी ऑन्कोलॉजी में हॉस्पिटल की लीडरशिप को मज़बूत करती है। कैंसर उपचार में उन्नत सटीकता, सुरक्षा और अनुकूलनशीलता लाते हुए मरीज़ों को मिलने वाले परिणामों में सुधार लाया है। रेडिक्सएक्ट ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में उपलब्ध व्यापक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मज़बूत किया है। अगली पीढ़ी की बुनियादी सुविधाओं। अंगों के अनुरूप सब-स्पेशलिटी निपुणताओं और वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क माने जाने वाले प्रोटोकॉल इन सभी का शक्तिशाली मिलाप इस सिस्टम में है।

### लायन यादव की रीजन ऑफिसर्स मीट आज

**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 के रीज़न 2 के रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव की रीजन क्लब ऑफिसर्स मीट समर्थ नानाखेड़ा स्थित विक्रमादित्य होटल में आज रविवार को प्रात: 10 बजे आयोजित की गई है। डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि ऑफिसर मीट में रीजन के 21 क्लबो के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, लायंस क्लब क्लासिक गोल्ड, गोल्ड न्यू, वॉइस, गोल्ड क्वीन, अवंतिका अभिनव कपल राइस, महाकाल जागृति, डायनेमिक विंग, सांदीपनि, अशोक, महालोक, अनंता, फ्रेंड्स, सुरभि, हार्मनी, मालवा इन क्लब के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं प्रथम उपाध्यक्ष तथा क्लब के सीनियर रहेंगे एवं लायन लीडर्स वर्ष भर कार्य करने हेतु प्रशिक्षण लेंगे। जिससे लायन वाद को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचा जा सके। जिससे डिस्ट्रिक्ट के साथ-साथ इंटरनेशनल में भी लायन अपना परचम फैला सके।

### सुंदरी आश्रम में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नृसिंह घाट स्थित श्री ललिता त्रिपुर सुंदरी आश्रम में श्री राघवानंद भक्त मंडल एवं उज्जैन जिले के सभी गुरु भक्तों द्वारा महोत्सव मनाया गया। आश्रम के प्रमुख वेदमूर्ति पंडित उमेश शर्मा ने बताया ब्रह्मचारी ब्रह्मलीन 1008 स्वामी श्री राघवानंद जी महाराज के श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। गुरु पूर्णिमा का मुख्य पर्व श्री राज राजेश्वरी उपासना ट्रस्ट द्वारा दूधी में मनाया जाएगा। इसके पूर्व उज्जैन में स्थित आश्रम में महोत्सव रखा गया। इस अवसर पर श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश शर्मा, उदय अग्निहोत्री, वेणी माधव मथुरा, डी पी शर्मा, दिनेश यादव, अनिल शर्मा बड़नगर, अरविंद व्यास राघवपुर, संजय शर्मा इंदौर, पंडित प्रवीण जोशी इंगोरिया, किशोर मेहता, आदित्य तिवारी, जितेंद्र शर्मा आदि भक्तों ने गुरुदेव की मूर्ति का पूजन किया। वेदपाठी ब्राह्मण बटुकों को भोजन कराकर उनका सम्मान किया।

# अगले 6 माह तक चुनौतियां बरकरार, सिंहस्थ 2028 के टेंडर व भूमिपूजन की दरकार

## बरसात, धार्मिक, सांस्कृतिक व वीआईपी आयोजन में बीतेगा समय, महाकाल सवारी मार्ग का किया अवलोकन

**उज्जैन।** जुलाई माह से लेकर दिसंबर तक आगामी 6 माह जिला प्रशासन के लिए चुनौती भरे रहेंगे। कई सारे धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखलाओ के साथ ही वीआईपी आगमन और बरसात के कारण भी गतिविधियां और निर्माण कार्य बाधित होंगे, ऐसे में अधिक से अधिक टेंडर और भूमि पूजन संपन्न किए जाने की दरकार है, ताकि बचे हुए समय में सिंहस्थ के कार्य निर्बाध तौर पर प्रारंभ होकर पूरे हो सके।

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि बड़े निर्माण कार्यों की फेहरिस्त जारी हो चुकी है, जो सभी को पता है, जो सौगाते 2028 के मद्देनजर मिलना है उसमें आशातीत सफलता मिलेगी ही, साथ ही छोटे निर्माण कार्य और आंतरिक निर्माण कार्यों की एक अलग व्यवस्था बनाई गई है, कुल मिलाकर 2027 के अंत तक कई सारे निर्माण पूरे हो जाएंगे। 11 जुलाई से सावन माह प्रारंभ हो रहा है और 14 जुलाई को बाबा महाकाल की सवारी निकलेगी, सावन और भादो माह में कुल 6



सवारियां निकलेगी, ऐसे में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह शनिवार की शाम 4 बजे अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ सवारी मार्ग का भ्रमण करने पहुंचे। बाबा महाकाल की सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं को पूर्णत: सुविधा रहे, सुलभता से दर्शन हो सके, पर्याप्त मात्रा में बैरिकेडिंग्स की जाए, नाले नालियों से लेकर अवैध निर्माण अतिक्रमण के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए, बिजली के पोल पर सेफ्टी किए जाने के भी निर्देश दिए गए। जनता से आग्रह किया गया है कि केले का प्रसाद ना बाटे, इससे छिलके सड़क पर हो जाते हैं और श्रद्धालु गिर जाते हैं।

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि बाबा महाकाल की सवारी सावन माह में प्रति सोमवार को निकलेगी, ऐसे में सावन वाले सोमवार को स्कूल का अवकाश रहेगा, जिसमें निजी और सरकारी स्कूल सभी बंद रहेंगे पढ़ाई का नुकसान ना हो इसलिए रविवार को स्कूल लगाए जाएंगे, इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं, शिक्षा विभाग द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं कि रविवार को स्कूल चालू रहेंगे और सोमवार को अवकाश रहेगा। यह निर्देश सिर्फ उज्जैन के लिए है।

### टेंडर और भूमि पूजन का महीना, बरसात बाधित करेगी काम

जुलाई माह में अधिक से अधिक टेंडर और अधिक से अधिक भूमि पूजन यदि संपन्न किए जाते हैं तो, अत्यधिक निर्माण कार्य शहर में होकर समय सीमा में पूरे हो सकते हैं, यदि इसके बाद कोई कार्य शुरू किए गए तो कार्य की पूर्णता में असमंजस रहेगा, बाद में शीघ्रता भी करना होगी, ऐसे में जुलाई माह में ही यदि देश प्रदेश के ठेकेदारों को ठेका मिल जाए और भूमि पूजन होकर निर्माण प्रारंभ हो जाए तो एक बड़ी राहत प्रदान होगी। वर्ष 2025 की बरसात का दौर भी प्रारंभ हो चुका है, इसके बाद 2026 व 2027 के साल में भी 4-4 माह बारिश होगी, कुल मिलाकर सिंहस्थ के पहले 3 बारिश के 12 महीने टूट जाएंगे, इन तीन बारिश का निर्माण कार्यों पर इसका असर पड़ेगा। बरसात में निर्माण कार्यों को करने में समस्या उत्पन्न होती है, हादसों की भी आशंका होती है, कुछ दिन पूर्व निर्माण कार्य स्थल पर दुर्घटना हो चुकी है। बरसात के दौर में निर्माण कार्य मे जुटे वाहनों की आवाजाही पर भी असर पड़ता है कीचड़ होने से बाधाएं आती है।

### कलेक्टर सिंह ने ली सिंहस्थ की बैठक

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता मे सिंहस्थ 2028 के कार्यों की समीक्ष बैठक शनिवार कों सिंहस्थ मेंला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सभी विभाग प्रमुखो द्वारा सिंहस्थ कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा संबंधित विभागों को सभी कार्यों की कार्ययोजना स्पष्ट रुप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने नागझिरी रोड पर चल रहे पीडब्लूडी के निर्माण कार्य में यातायात सम्बन्धी कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी और पीडब्लूडी अधिकारी कों निर्देशित कर कहा की रोड मैप ड्रॉइंग और कार्य योजना मे एकरुपता रहे, जिससे कार्यों मे कोई गडबड़ी ना हो और रोड कार्य लेवल मे हो इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# किराए के मकान में रहने वाले ने चुराई थी ट्रैक्टर ट्राली

## विक्रम नगर रेलवे स्टेशन के पास से किया गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**उज्जैन।** बाफना पार्क कालोनी से चोरी हुई ट्रैक्टर-ट्राली 2 युवकों ने चोरी की थी। 18 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। दोनों महिदपुर के रहने वाले हैं और उज्जैन में किराये का मकान लेकर निवास करते है।



चिमनगंज थाना क्षेत्र की बाफना पार्क कालोनी से 14-15 जून की रात 10 लाख कीमत की ट्रैक्टर-ट्राली चोरी हो गई थी। मामले की शिकायत ग्राम कालूहेड़ा में रहने वाले महेश परमार ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली उसकी बहन के घर से चोरी हुई है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान कुछ स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्राली दिखाई दी, लेकिन आगे के फुटेज सामने नहीं आ पाये। पुलिस टीम ने मुखबीर तंत्र को अर्लट किया। 18 दिन बाद सामने आया कि ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने वाले विक्रमनगर क्षेत्र में दिखाई दिये है। थाना प्रभारी ने एसआई सुरेन्द्र मंडलोई, यादवेन्द्र परिहार, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक श्यामवरण गुर्जर और सैनिक चंदन नरवरिया को धरपकड़ के लिये रवाना किया। टीम ने घेराबंदी कर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 2 युवकों को पकड़ा और थाने लाकर पूछताछ शुरू की। दोनों ने ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करना कबूल करते हुए अपने नाम बबलू पिता जुझार केवट निवासी पर्वत खेड़ा महिदपुर हाल मुकाम गायत्रीनगर और मेहरबान पिता रतनलाल बारां पत्थर महिदपुर हाल मुकाम गांधीनगर होना बताया। दोनों की निशानदेही पर ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि बबलू के पास आयशर गाड़ी है। वह मेहरबान के साथ मिलकर उज्जैन में ड्रायवरी का काम करता है। ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने का मकसद ठिकाने लगाकर पैसे कमाना था। पुलिस उनका आपराधिक रिकार्ड तलाश रही है। गिरफ्तारी के बाद कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया गया।

### जहरीली शराब ठिकाने लगाने निकला था युवक

उज्जैन। भ्रमण पर निकले बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार को मिली तो उन्होने एएसआई नारायणसिंह वास्कले, आरक्षक अंकित यादव, महेश मोर्य, मुकेश नागर के साथ सूचना स्थल ग्राम गुणावद ग्राम पंचायत भवन के पास पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देख प्लास्टिक की केन लेकर खड़े युवक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसके पास से 15 लीटर की केन जब्त की गई। जिसमें हाथ भट्टी पर बनी जहरीली शराब भरी हुई थी। आरोपी युवक महेश पिता बाबूलाल केवट निवासी ग्राम गुणावद होना सामने आया।

# पुलिस ने मादक पदार्थ कारोबार में लिप्त महिला को भेजा इंदौर जेल

### तस्कर संजू चना के साथ पत्नी के रूप में रह रही थी

**उज्जैन। मादक पदार्थ के कुख्यात तस्कर की साथी रह चुकी महिला को पुलिस ने लगातार मादक पदार्थ मामले में शामिल होने पर गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को महिला के खिलाफ पिट एनडीपीएस मामले में संभाग आयोग के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए 1 साल के लिए इंदौर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।**

महाकाल थाना निरीक्षक गगन बादल ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में लंबे समय से शामिल महिला नीलम पति राजा को पूर्व में एनडीपीएस मामले में सजा हुई थी लेकिन सजा होने के बाद जेल से आने पर वह दोबारा मादक पदार्थ तस्करी का काम करने लगी। जिसकी गतिविधियों की लगातार जानकारी मिलने पर उसे शुक्रवार को पिट एनडीपीएस एक्ट मामले में गिरफ्तार किया गया। वर्तमान में महिला गणेश कॉलोनी जयसिंहपुरा क्षेत्र में निवास कर रही थी। संभाग आयुक्त के निर्देश पर उसे 1 साल के लिए इंदौर सेंट्रल जेल भेजा गया है। महिला के खिलाफ पूर्व में महाकाल, माधवनगर, देवास गेट थाने में मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज है। बताया जा रहा है कि पूर्व में महिला कुख्यात तस्कर संजू चना उर्फ संजय गुप्ता के साथ पत्नी के रूप में रहती थी और मादक पदार्थ तस्करी का काम करती थी। बाद में वह कुख्यात तस्कर को छोड़ राजा नामक युवक के साथ रहने लगी, लेकिन उसकी अवैध गतिविधियां काम नहीं हुई। जिसके चलते उसके खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई है जो रासुका की श्रेणी में आती है।

## बाइक सवार को अज्ञात गाड़ी ने कुचला, मौत

**उज्जैन। रात में बाइक सवार को अज्ञात गाड़ी ने कुचल दिया। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बाइक नंबर से उसकी पहचान की। मृतक पांच बच्चों का पिता था।**

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि रात में चंदू खेड़ी के समीप जैन मंदिर के सामने बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एंबुलेंस से बाइक चालक को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कैमरा तक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था उसकी बाइक नंबर से जानकारी जुटा गई। इस दौरान सामने आया कि मृतक पिपलिया डाबी उन्हेल का रहने वाला बहादुर पिता शोभाराम है। परिजनों को सूचना दी गई रात में ही वह अस्पताल पहुंच गए थे। परिजनों ने बताया कि बहादुर पांच बच्चों का पिता था और कंबल बेचने का काम करता था। वह चापड़ा गया था, जहां से वापस उन्हें ला रहा था। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोपा है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा जा रहा है। जिसके आधार पर अज्ञात गाड़ी की पहचान की जाएगी।






# गुरु पूर्णिमा पर विशेष-याद रखें आप गुरु नहीं चुनते गुरु आपको चुनता है

**उज्जैन।** नव भारत से चर्चा में ज्योतिषाचार्य पं. जय शिव शर्मा ने बताया गुरु पूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरु जनों को समर्पित जिन्होंने, अपने कर्म योग से बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमता को साझा करने के लिए तैयार हो इसके लिए भारत नेपाल भूटान में हिन्दूजनों और बौद्ध धर्म के अनुयाईयों को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया। गुरु पूर्णिमा का शिव से सम्बद्ध आचार्य पं. जय शिव शर्मा के अनुसार यह पूर्णिमा का दिन जब भगवान शिव शिक्षक या गुरु बने तब से गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। शिव को आदि गुरु के नाम से भी जाना जाने लगा है। याद रखें आप गुरु नहीं चुनते गुरु आपको चुनता है और यही भगवान शिव ने किया। गुरु पूर्णिमा के दिन व्रत दान पुण्य पूजा पाठ का भी विशेष महत्व माना जाता है। जो मनुष्य गुरु पूर्णिमा का व्रत रखता है। दान करता है उसे जीवन में ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन के बाद मोक्ष मिलता है। आषाढ़ महीने की पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास जी का जन्म हुआ था।



**बाबा की महिमा** महाकाल लोक बनने के बाद से बढ़ रही भीड़, करोड़ों लोग दर्शन कर चुके

# महाकाल मंदिर में 60 करोड़ से अधिक का दान आया

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में 60 करोड़ से अधिक का दान इस साल मंदिर समिति को प्राप्त हुआ है। पूरे साल मंदिर में देश व दुनियाभर से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। एक अनुमान के मुताबिक सालभर में यहां 12 करोड़ से अधिक लोग दर्शन के लिए पहुंचे है। इनमें अधिकांश पर्यटक ही शामिल है।

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की ये भीड़ साल 2022 में महाकाल लोक बनने के बाद से बढ़ी है। नहीं तो पहले इसी मंदिर में 25-30 हजार लोग ही रोज आया करते थे। लेकिन अब यहां आंकड़ा डेढ़ से दो लाख तक पहुंच गया हैं। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के बाद ही मंदिर समिति को मिलने वाले दान में भी काफी वृद्धि हुई है।

### साल 2019 से अब तक जाने कितना दान आया मंदिर में



मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल लोक बनने के बाद से भक्त बढ़े तो दान में भी वृद्धि हुई है। साल 2019-20 महज 15 करोड़ रुपए के आसपास ही दान आया था। साल 2023-24 में बढ़कर 59.91 करोड़ रुपए हो गए। इसके बाद साल 2024-25 में अब तक यानी माह जून-जुलाई तक 51.22 करोड़ रुपए का दान आ चुका है। यह राशि सिर्फ दान पेटियों में डाले गए दान की है। मंदिर की अन्य का हिसाब-किताब अभी बाकी है। साल 2023 में 5.28 करोड़ लोग उज्जैन आए थे, जबकि 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 7.32 करोड़ तक पहुंच गया। श्रावण मास के लिए ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर का चांदी का गर्भगृह चमक रहा है। अंदर चांदी की दीवारों से लेकर रुद्र यंत्र आदि की सफाई की जा रही है। गर्भगृह के अंदर मौजूद चांदी की हर चीज सफाई कर चमकाई जाएगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी की सफाई का कार्य शनिवार से प्रारंभ किया गया। कर्मचारी जलाधारी, देहरी पर लगे चांदी के दरवाजे और नंदी हॉल के दरवाजों की भी सफाई में जुटे हुए है।